भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4928
(23 जुलाई, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए)

प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना

4928. श्री आर.के. सिंह पटेलः

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों अर्थात 2016-17, 2017-18, 2018-19 के दौरान प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत निर्मित सड़कों की लम्बाई कितनी है और इस पर राज्य-वार कितनी निधि व्यय की गई है;
(ख) क्या सरकार ने पीएमजीएसवाई क अंतर्गत शेष/चयनित सड़कों के निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित की है; और
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
ग्रामीण विकास मंत्री
(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क): पिछले तीन वर्षों अर्थात वर्ष 2016-17, 2017-18 और 2018-19 के दौरान प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत बनाई गई सड़कों की लंबाई एवं उन्हें बनाने में खर्च की गई निधियों का राज्य-वार ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

(ख) से (ग): मार्च, 2019 तक 250+ बादी वाली श्रेणियों में सभी पात्र और व्यवहार्य बसावटों को बारहमासी सड़क संपर्कता उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जनगणना, 2011 के अनुसार पीएमजीएसवाई के अंतर्गत कवरेज के लिए निर्धारित की गई 1,78,184 बसावटों में से राज्यों द्वारा खुद के संसाधनों से जोड़ी गई 16,086 बसावटों सहित 1,66,234 बसावटों को बारहमासी सड़कों के माध्यम से जोड़ा गया है। 4053 बसावटों को छोड़ दिया गया या इन्हें व्यवहार्य नहीं पाया गया। राज्यों ने यह जानकारी दी है कि शेष स्वीकृत 7,897 बसावटों में से वन स्वीकृति, भूमि संबंधी मुद्दे और न्यायालय संबंधी मामलों

इत्यादि के कारण 2,495 बसावटों को अब व्यवहार्य नहीं पाया गया। शेष व्यवहार्य बसावटों को जल्द से जल्द पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वामपंथी उग्रवाद से पूरी तरह से प्रभावित क्षेत्रों में 100-249 श्रेणी के अंतर्गत सभी पात्र एवं व्यवहार्य बसावटों को पीएमजीएसवाई के चरण-।। में बारहमासी सड़कों से जोड़ने के लिए मार्च, 2020 में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वामपंथी उग्रवाद से पूरी तरह से प्रभावित क्षेत्रों के लिए सड़क संपर्कता परियोजना, जिसे पीएमजीएसवाई के अंतर्गत एक अलग घटक के रूप शुरू किया गया, को मार्च, 2020 में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

अनुबंध

लोक सभा में दिनांक 23.07.2019 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 4928 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

पीएमजीएसवाई के अंतर्गत पिछले तीन वर्षों में पूरी की गई लंबाई और खर्च निधि का राज्यवार ब्यौरा

		पूरी की गई सड़क (कि.मी. में)			**खर्च की गई निधि (रुपए करोड़ में)**		
क्र. सं.	**राज्य**	**2016-17**	**2017-18**	**2018-19**	**2016-17**	**2017-18**	**2018-19**
1	**आंध्र प्रदेश**	733.55	154.057	336.73	214.54	136.25	257.43
2	**अरुणाचल प्रदेश**	1,360.51	1,132.02	1317.637	339.01	384.85	1005.98
3	**असम**	929.515	1,618.63	4,300.53	273.75	397.76	2413.64
4	**बिहार**	6,601.12	5,223.09	4,227.13	2830.38	1586.67	1874.77
5	**छत्तीसगढ़**	1,019.57	1,901.49	3112.355	313.59	722.00	1510.58
6	**गोवा**	0	0	0	0.00	0.00	0
7	**गुजरात**	211.875	50.306	14.39	40.42	52.35	32.69
8	**हरियाणा**	62.845	38.28	4.95	57.65	28.89	2.28
9	**हिमाचल प्रदेश**	1,429.27	1,772.53	1334.35	213.38	520.82	690.59
10	**जम्मू और कश्मीर**	1,785.16	1,804.54	1,622.20	428.30	731.27	1066.79
11	**झारखंड**	3,119.52	4,519.15	3,573.47	652.62	1247.88	1175.47
12	**कर्नाटक**	897.09	58.98	6.63	291.81	50.30	15.49
13	**केरल**	314.327	356.01	309.489	223.90	205.99	225.3
14	**मध्य प्रदेश**	5,081.97	5,222.45	4,520.84	1393.94	1900.87	2533.07
15	**महाराष्ट्र**	2,000.70	569.758	266.828	578.87	381.38	193.68
16	**मणिपुर**	1,485.85	731.199	852.235	236.22	264.64	309.31
17	**मेघालय**	368.865	150.329	211.424	154.21	112.85	158.81
18	**मिजोरम**	298.08	237.132	266.585	74.07	72.71	138.48
19	**नागालैंड**	395	85	208.99	2.08	18.77	70.04
20	**ओडिशा**	5,796.93	7,175.61	8,151.30	1479.39	2679.84	3289.38
21	**पंजाब**	586.53	851.75	246.775	225.25	334.66	227.64
22	**राजस्थान**	3,113.10	3,257.03	2,527.29	575.08	536.53	857.63
23	**सिक्किम**	247.422	419.155	351.919	80.67	205.84	222.55
24	**तमिलनाडु**	883.189	1,611.36	2,166.86	253.19	528.10	880.98
25	**त्रिपुरा**	405.622	313.138	169.087	84.88	136.09	129.54
26	**उत्तर प्रदेश**	3,095.25	4,106.46	1,688.27	900.57	1822.71	959.98
27	**उत्तराखंड**	1,989.32	1,839.11	1756.269	315.36	608.36	698.43
28	**पश्चिम बंगाल**	2,825.53	3,213.11	5,111.82	753.54	1253.13	2058.28
29	**तेलंगाना**	408.644	302.929	381.195	164.31	132.66	321.02
कुल:		**47446.34**	**48714.60**	**49037.55**	**13151**	**17054.17**	**23319.83**